आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–04 अप्रैल 2024 **सान्ध्य समाचार**

मथुरा से तीसरी बार लोकसभा प्रत्याशी बनायी गयी भारतीय जनता पार्टी की मौजूदा सांसद हेमा मालिनी के पक्ष में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा में जनसभा की। इस दौरान उन्होंनें कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस विकसित भारत की संकल्पना को लोगो के सामने रखा है, उस विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित मथुरा का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा और वृन्दावन पर सरकार का पूरा ध्यान है। यहां के विकास की गति को और तेज किया जाएगा। उधर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज दोपहर बाद अपने गृह जनपद गोरखपुर के गोकुल अतिथ भवन में गोरखपुर, बांसगाव और संतकबीर नगर, की चुनाव संचालन समितियों के साथ बैठक की। उन्होंने चुनाव की तैयारियां जांचने की साथ ही पार्टी पदाधिकारियों को कई जरूरी दिशा निर्देश भी दिये। बैठक में तीनों लोकसभा क्षेत्रों के सांसद, विधायक, एमएलसी और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहें।

****

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये आज नामांकन के आखिरी दिन मथुरा से भारतीय जनता पार्टी से लगातार तीसरी बार उम्मीदवार घोषित की गयी मौजूदा सांसद हेमा मालिनी ने नामांकन किया। इस दौरान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यसभा सदस्य चौधरी तेजवीर सिंह और मथुरा के भाजपा के जिलाध्यक्ष निर्भय पाण्डेय समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहें। इस चरण की सभी सीटों के लिए दाखिल हुए नामांकन पत्रों की कल जांच होगी। आठ अप्रैल को प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते है। छबीस अप्रैल को मतदान होगा। दूसरे चरण की आठ सीटों में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतम बुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा का नाम शामिल है।

****

समाजवादी पार्टी ने मेरठ में तीसरी बार उम्मीदवार बदल दिया है। अब अतुल प्रधान की जगह पूर्व मेयर सुनीता वर्मा को पार्टी ने अपना लोकसभा प्रत्याशी घोषित किया है। सुनीता ने आज अपना नामांकन भी कर दिया। सपा की ओर से दूसरी बार प्रत्याशी घोषित किये गये अतुल प्रधान ने कल ही नामांकन कर दिया था।

****

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर संबंधित जिलों में तैयारिया तेज हो गयी है। इसी क्रम में पीलीभीत जिले मे दिव्यांग और पचासी वर्ष से अधिक के बुजुर्ग मतदाताओं के मतदान की प्रक्रिया कल से शुरू हो जाएगी जो आठ अप्रैल तक जारी रहेगी। निर्वाचन आयोग की ओर से दिव्यांग और पचासी वर्ष से अधिक के बुजुर्ग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा दी गयी है। वे पोस्टल वैलेट से मतदान कर सकेगें। पीलीभीत की उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीतू पूनिया ने बताया कि जिले के ऐसे आठ सौ बीस मतदाताओं के मतदान को लेकर इक्कीस पोलिंग पार्टिया गठित की गयी है। इनकी निगरानी के लिए अठ्ठारह सेक्टर मजिस्ट्रेट भी तैनात किये गये है प्रत्येक पोलिंग पार्टी के साथ माइक्रो प्रेक्षक, कैमरामैन और पुलिस कर्मी भी मौजूद रहेगें। ये पोलिंग पार्टिया कल से दिव्यांग और पचासी वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं के घर जाएगी और पोस्टल बैलेट के जरिए उनका मतदान कराएंगीं। पहले चरण में प्रदेश की सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत सीटों के लिए मतदान होगा।

****

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज मऊ जिले का दौरा कर चुनावी तैयारियों की जानकारी ली। उन्होने संगठन के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और प्रबुद्धजनों से जीत की रणनीति पर चर्चा करते हुए पूरी तरह से चुनाव में जुट जाने का आह्वान किया।

****

राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य, उनकी बेटी व बदायूं से मौजूदा भाजपा सांसद संघमित्रा मौर्य सहित पांच लोगो के खिलाफ लखनऊ की एमपी–एमएलए कोर्ट ने गिरफ्तारी का वारंट जारी किया है। यह कार्रवाई धोखाधड़ी, मारपीट, जान से मारने की धमकी और साजिश के मामले में हुई है। सांसद संघमित्रा मौर्य पर विना तलाक लिए धोखे से दीपक र्स्वणकार से शादी का आरोप है। मामले मे कोर्ट मे हाजिर न होने पर एमपी–एमएलए कोर्ट ने संघमित्रा के साथ ही स्वामी प्रसाद मौर्य, नीरज तिवारी, सूर्य प्रकाश शुक्ला, और ऋतिक सिंह के खिलाफ वारंट जारी किया है। मामले में अगलि सुनवाई सोलह अप्रैल को होगी।

****

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिये कई जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं को संकल्प दिलाने के साथ ही रैली निकाल कर उन्हें वोट की महत्ता भी बतायी जा रही है। इसी क्रम में आज मिर्जापुर जिले में गंगा नदी में नारघाट से फतहाघाट तक वोट फॉर बोट नाव रैली का आयोजन कर के मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन व मुख्य विकास अधिकारी भी मौजूद रहें। वहीं हरदोई में जिला प्रशासन के नेतृत्व में पुलिस लाईन से बाइक रैली निकाल कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ ही संकल्प भी दिलाया गया। हाथरस जिले के विभिन्न स्कूलों मे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर के लोगों से मतदान के लिए संकल्प पत्र भरवाये गये।

****